## लोक–सुनवाई कार्यवाही विवरण

मैसर्स श्री सुनिल कुमार पुत्र श्री नाथूलाल सेवकर्मानी प्रस्तावित ग्रेनाईट खनन परियोजना मय क्लस्टर, रेफरेन्स संख्या 20221000071719, खसरा नम्बर 2892 एवं 2894 निकट ग्राम बिजवाड़, तहसील देवली, जिला टोंक खनन पट्टा क्षेत्रफल 1.0742 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता 1,17,562.50 TPA (ROM) (Saleable Mineral 58781.25 MT and Waste 58781.25 MT), कुल कलस्टर क्षेत्रफल– 15.4249 हेक्टेयर, कुल कलस्टर प्रस्तावित उत्पादन क्षमता 15,45,296.5 TPA (ROM) हेतु पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 एवं समय–समय पर संशोधित अधिसूचनाओं के प्रावधानों के तहत पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आयोजित लोक सुनवाई दिनांक 27 फरवरी, 2025 को प्रातः 11:30 बजे स्थान पंचायत समिति सभागार देवली, तहसील–देवली, जिला–टोंक का कार्यवाही विवरण :–

वन, पर्यावरण, एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 एवं समय–समय पर संशोधित अधिसूचनाओं के प्रावधानो की अनुपालना में कार्यालय जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, टोंक के पत्र क्रमांक न्याय/पर्यावरण जनसुनवाई/2024/67 दिनांक 03.01.2025 (संलग्नक–अ) के अनुक्रम में दिनांक 27 फरवरी, 2025 को प्रातः 11:30 बजे, स्थान पंचायत समिति सभागार देवली, तहसील–देवली, जिला–टोंक (राजस्थान) में मैसर्स श्री सुनिल कुमार पुत्र श्री नाथूलाल सेवकर्मानी प्रस्तावित ग्रेनाईट खनन परियोजना मय क्लस्टर, रेफरेन्स संख्या 20221000071719, खसरा नम्बर 2892 एवं 2894 निकट ग्राम बिजवाड़, तहसील देवली, जिला टोंक खनन पट्टा क्षेत्रफल 1.0742 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता 1,17,562.50 TPA (ROM) (Saleable Mineral 58781.25 MT and Waste 58781.25 MT), कुल कलस्टर क्षेत्रफल– 15.4249 हेक्टेयर, कुल कलस्टर प्रस्तावित उत्पादन क्षमता 15,45,296.5 TPA (ROM) की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जनसुनवाई अतिरिक्त जिला कलक्टर टोंक, जिला–टोंक (राजस्थान) की अध्यक्षता में आयोजित की गयी।

पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जनसुनवाई निम्न अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित की गयीः–

1. श्री राम रतन सौंकरिया, अतिरिक्त जिला कलक्टर टोंक, जिला–टोंक
2. श्री शिव कुमार, क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, बून्दी

लोक–सुनवाई में उपस्थित अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्र के ग्रामवासी व अन्य का उपस्थिति पत्र मय हस्ताक्षर संलग्न है (संलग्नक–ब)। उक्त लोकसुनवाई के लिए नियमानुसार राष्ट्रीय समाचार पत्र "राजस्थान पत्रिका" में दिनांक 21.01.2025 और स्थानीय समाचार पत्र "दैनिक अपना अखबार मॉर्निंग न्यूज" में दिनांक 21.01.2025 को आम सूचना निर्धारित जनसुनवाई से 30 दिन पूर्व प्रकाशित की गई थी, समाचार पत्रों की फोटो प्रतियाँ

| | |
|---|---|
| क्षेत्रीय अधिकारी<br>राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल<br>बूंदी, राजस्थान | अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट<br>टोंक (राज०) |

संलग्न है (संलग्नक–स)। लोकसुनवाई की विडियो रिकोर्डिंग डी.वी.डी. एवं फोटोग्राफ संलग्न है (संलग्नक–द)।

श्री राम रतन सौंकरिया, अतिरिक्त जिला कलक्टर टोंक, जिला–टोंक की अनुमति से लोकसुनवाई की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए श्री शिव कुमार, क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, बून्दी ने उपस्थित जन–समूह को लोकसुनवाई के प्रावधानों, उद्देश्यों तथा महत्व के बारे में बताते हुए उपस्थित जनसमूह से यह अपील की कि वे परियोजना प्रस्तावक के सलाहकार द्वारा खनन परियोजना के बारे में जो जानकारी दी जायेगी उसे सुने तत्पश्चात् आपको यदि इसके बाबत कोई सुझाव या शिकायत हो तो कृपया सबसे पहले अपना परिचय दे जिसमें आपका नाम तथा गाँव बतावें साथ ही अपना सुझाव /शिकायत/आक्षेप जो भी हो लिखित अथवा मौखिक जैसा आप उचित समझे हमें दे सकते है।

उन्होने यह भी अवगत कराया कि इस जनसुनवाई के दौरान आप द्वारा जो भी सुझाव या शिकायत दी जायेगी चाहे वह लिखित हो या मौखिक हो उसे हम कलमबद्ध करेगे तथा जनसुनवाई में होने वाली कार्यवाही की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी भी की जा रही है। हम आपके लिखित/ मौखिक रुप में प्राप्त सभी सुझाव एवं आक्षेप कलमबद्ध करके वीडियों रिर्कोडिंग मय फोटोग्राफस के साथ कार्यवाही विवरण (Minutes of Meeting) बनाकर नोटिफिकेशन के अनुपालना स्वरूप राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA), राजस्थान को प्रेषित करेंगे।

तत्पश्चात् क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्ड़ल, बून्दी ने परियोजना प्रस्तावक को प्रस्तावित ग्रेनाईट खनन परियोजना मय क्लस्टर के बारे में उपस्थित ग्रामवासियों/जनसमूह को अवगत कराने हेतु आमंत्रित किया।

इसके पश्चात मैसर्स श्री सुनिल कुमार पुत्र श्री नाथूलाल सेवकर्मानी के सलाहकार मैसर्स वाईब्रेन्ट टेक्नोलेब प्राईवेट लिमिटेड की ओर से पर्यावरणीय सलाहकार श्री उमेश कुमार शर्मा ने प्रस्तावित ग्रेनाईट खनन परियोजना मय क्लस्टर के बारे में उपस्थित जनसमुदाय को विस्तृत जानकारी पावर पॉइन्ट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से दी गई। खनन परियोजना के सम्बन्ध में परियोजना की स्थिति, परियोजना के कलस्टर में आने वाली अन्य खनन परियोजनाओ की जानकारी, कुल उत्पादन क्षमता, खनन भण्डार, लोकेशन मेप, परियोजना की प्रमुख विशेषताएं, परियोजना का विवरण, क्षेत्र की पर्यावरणीय स्थिति का विवरण, पर्यावरण सरंक्षण के उपाय, खनन की अन्तिम सीमा, पर्यावरण प्रबंधन के साथ हरित पट्टिका का विकास, खनन की पद्वति, पर्यावरण प्रबंधन योजना, व्यवसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, सामाजिक दायित्वो के तहत किये जाने वाले कार्यो का विवरण (सी.एस.आर.) व श्रमिक कल्याण हेतु प्रस्तावित कार्य आदि से सम्बधित जानकारी प्रदान की गई।

तत्पश्चात् अतिरिक्त जिला कलक्टर टोंक, जिला–टोंक ने उपस्थित जनसमुदाय को अपने सुझाव/विचार/आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु आमन्त्रित किया। उपस्थित जन–समुदाय द्वारा प्रस्तुत सुझाव/विचार/आपत्ति/आक्षेप का विवरण निम्नानुसार हैः–

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
बूंदी, राजस्थान

अतिरिक्त जिला कलक्टर
टोंक (राज०)

1. श्री शंकर लाल रेगर पुत्र श्री छितर लाल रेगर, ग्राम बिजवाड़, तहसील देवली, जिला टोंक ने इस खनन परियोजना से कोई आपत्ति नहीं जताई एवं सुझाव के रुप में वृक्षारोपण हेतु आग्रह किया है।

इसके पश्चात अतिरिक्त जिला कलक्टर टोंक, जिला–टोंक ने परियोजना के पर्यावरणीय सलाहकार तथा परियोजना आवेदक को गांव में पुरानी सड़कों की मरम्मत एवं सड़क निर्माण करने, वृक्षारोपण करने, स्थानीय लोगों को रोजगार में प्राथमिकता देने सी.एस.आर. गतिविधियों के अन्तर्गत आंगनवाड़ी व विद्यालयों के संधारण का कार्य करवाने हेतु सुझाव प्रदान किये ताकि आसपास के ग्रामीण क्षेत्र का विकास हो सके।

तत्पश्चात् अतिरिक्त जिला कलक्टर टोंक, जिला–टोंक ने उपस्थित सभी ग्रामवासियों से एक बार पुनः कहा कि यदि उनके किसी प्रकार के अपने विचार/सुझाव/आपत्ति है तो वे लिखित व मौखिक रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्तः में क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, बून्दी द्वारा उपस्थित सभी जन–समुदाय को धन्यवाद करते हुए अतिरिक्त जिला कलक्टर, जिला टोंक की अनुमति से लोक सुनवाई की समाप्ति की घोषणा की गई।

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।

(शिव कुमार)
क्षैत्रिय अधिकारी,
राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,
बून्दी

(राम रतन सौकरिया)
अति0 जिला कलक्टर, टोंक
जिला टोंक

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
बूंदी, राजस्थान

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
टोंक (राज0)

# कार्यालय जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट टोंक

क्रमांकः– /न्याय/पर्यावरण जनसुनवाई/2024/67 दिनांक 03/01/2025

पर्यावरण अभियन्ता व क्षेत्रीय अधिकारी
राज्य प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड
बून्दी।

विषयः– Public hearing for Environment Clearence for District Tonk.

उपरोक्त विषयान्तर्गत पर्यावरण जनसुनवाई हेतु टोंक जिले की तहसील मालपुरा एवं देवली में स्थित ग्रामों में ग्रेनाईट खान चालू किये जाने हेतु निम्नानुसार जनसुनवाई का समय, स्थान व दिनांक नियत किया जाता हैः–

| क0सं0 | पत्रावली पत्रांक व दिनांक/फर्म का नाम | ग्राम का नाम | निर्धारित समय, स्थान व दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | पत्रांक 1819 दिनांक 24.12.2024 मैसर्स सुपर इण्डिया प्रोडक्टस, प्रो0श्री राजेन्द्र कुमार मित्तल | गनवर | पंचायत समिति सभागार, मालपुरा में दिनांक 21.02.2025 प्रातः 11.00 बजे |
| 2 | पत्रांक 1822 दिनांक 24.12.2024 श्री ओमप्रकाश तोषनीवाल एवं गोरी शंकर तोषनीवाल | डूंगरी कला | पंचायत समिति सभागार, मालपुरा में दिनांक 21.02.2025 प्रातः 11.15 बजे |
| 3 | पत्रांक 1188 दिनांक 01.10.2024 मै0 स्टार स्टोन मार्बल एण्ड ग्रेनाईट | रूपाहेली | पंचायत समिति सभागार, मालपुरा में दिनांक 21.02.2025 प्रातः 11.30 बजे |
| 4 | पत्रांक 1192 दिनांक 03.07.2024 ओमप्रकाश तोषनीवाल | अजीतपुरा | पंचायत समिति सभागार, मालपुरा में दिनांक 21.02.2025 प्रातः 11.45 बजे |
| 5 | पत्रांक 392 दिनांक 03.07.2024 नेचुरल ग्रेनाईट्स | बीजवाड़ | पंचायत समिति सभागार, देवली में दिनांक 27.02.2025 प्रातः 11.00 बजे |
| 6 | पत्रांक 1379 दिनांक 24.10.2024 श्री सुनिल कुमार | बीजवाड़ | पंचायत समिति सभागार, देवली में दिनांक 27.02.2025 प्रातः 11.15 बजे |
| 7 | पत्रांक 1376 दिनांक 24.10.2024 श्री सुनिल कुमार | बीजवाड़ | पंचायत समिति सभागार, देवली में दिनांक 27.02.2025 प्रातः 11.30 बजे |

(राम रतन सौंकरिया)
अति0 जिला मजिस्ट्रेट,
टोंक

Signature valid

Digitally signed by Ram Ratan Sonkaria
Designation : Additional Collector And Additional District Magistrate
Date: 2025.01.03 16:06:01 IST
Reason: Approved

श्री सुनिल कुमार S/o श्री नाथूलाल सेवकर्मानी, ग्रेनाईट स्टोन (रेफरेन्स संख्या 20221000071719, क्षेत्रफल– 1.0742 हैक्टेयर) प्रस्तावित कुल कलस्टर उत्पादन क्षमता 1545296.50 TPA (ROM) एवं प्रस्तावित ग्रेनाईट स्टोन उत्पादन क्षमता 117562.50 TPA निकट ग्राम – बिजवाड़, तहसील – देवली, जिला – टोंक पर्यावरण संबंधी जनसुनवाई बाबत् दिनांक 27.02.2025 को प्रातः 11:30 AM बजे, पंचायत समिति सभागार, देवली, तहसील–देवली, जिला–टोंक में आयोजित जनसुनवाई में उपस्थित अधिकारी एवं स्थानीय नागरिकगण:–

| क.सं. | व्यक्ति का नाम | पता/विभाग का नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1 | Ram Ratan Sonkaria | ADM Tonk | [signature] |
| 2 | Shiv Kumar | Regional Officer, Rajasthan State Pollution Control Board Bundi | [signature] |
| 3 | जितेन्द्र सिंह नरुका AAO | कलक्ट्रेट टोंक | [signature] |
| 4 | SUNIL KUMAR | Harijan Colony Kekri, Ajmer road | Sunil |
| 5. | Umesh Kr. Sharma | EIA Coordinator Vibrant Technolab Pvt. Ltd. | [signature] |
| 6 | रामकरण | बीजवाड़ | रामकरण |
| 7 | बद्रीलाल | बीजवाड़ | बद्रीलाल |
| 8 | महावीर प्रजापत | बीजवाड़ | [signature] |
| 9 | शिवराज | बीजवाड़ | शिवराज |
| 10 | भवरलाल | बीजवाड़ | भवरलाल |
| 11 | महावीर | बीजवाड़ | |
| 12 | शंकरलाल रेगर | बीजवाड़ | शंकरलाल |
| 13 | अजय सैन | बीजवाड़ | अजय सै. |
| 14 | महावीर मीणा | बिजवाड़ | महावीर |
| 15 | सोजी राम | बिजवाड़ | सोजीराम |
| 16 | रामकरण | बीजवाड़ | रामकरण |
| 17 | मदन लाल | [illegible] जयपुर | मदनलाल |
| 18 | Dilip Kumar Meena | JEE, RSPCB, Bundi | Dilip |
| 19 | Sanjay Verma (Environmental Consultant) | Universal Enviroteech, Jaipur | [signature] |
| 20 | Manish Sharma | Jaipur | Manish |
| 21. | | | |

